**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**18.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3888 का उत्तर**

## संस्कृति, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भारत गौरव ट्रेन का प्रभाव

**3888. श्री बंटी विवेक साहू:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क)** **क्या भारत गौरव ट्रेनों ने न केवल यात्रा-अनुभव को बेहतर बनाया है, बल्कि राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है;**

**(ख)** **यदि हां, तो इन ट्रेनों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों और समारोहों की जानकारी का ब्यौरा क्या है; और**

**(ग)** **भारत गौरव ट्रेनों का पर्यटन को बढ़ावा देने और इसके मार्गों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

**उत्तर**

**रेल,सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग) पर्यटन को प्रोत्साहित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव पर्यटक रेलगाड़ियों का परिचालन पूरे भारत में विभिन्न थीम आधारित सर्किटों जैसे पूर्वोत्तर सर्किट, चार धाम सर्किट, रामायण सर्किट, गरवी गुजरात सर्किट, श्री जगन्नाथ यात्रा, दिव्य काशी सर्किट, भारत नेपाल आस्था टूर आदि पर किया जाता है।**

*********